हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
13 अप्रैल 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हरियाणा के हिसार में अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बैसाखी पर कहा कि कुरुक्षेत्र में 4 एकड क्षेत्र में सिक्ख संग्रहालय स्थापित किया जायेगा।
- केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर आज होडल में 17 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।
- सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि डॉ० आम्बेडकर की विचारधारा ने समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया है।
- हरियाणा के खेलमंत्री गौरव गौतम ने पलवल में डॉ० मंगलसेन भवन की आधारशिला रखी और कहा कि डॉ मंगलसेन सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित महापुरुष थे।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आंबेडकर जयंती पर हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे तथा यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम ताप ऊर्जा सयंत्र की तीसरी इकाई का शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री कल रेवाड़ी के बाईपास का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे।

*************************************************************************

भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में कल नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की शुरुआत सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कई मंत्री, सांसद और अन्य लोगों द्वारा बाबासाहेब आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी। श्रद्धांजलि के बाद, यह समारोह दोपहर 12 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन ने बाबासाहेब आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने वालों को ले जाने के लिए विशेष बस सेवाओं की व्यवस्था की गई है।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने 13 अप्रैल, 1699 को खालसा पंथ की स्थापना करके लोगों में साहस और बलिदान के साथ जीने की भावना पैदा की। उन्होंने वीरता और वीर भावना को आध्यात्मिक सोच के साथ जोड़कर समाज को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने आज बैसाखी के अवसर पर गुरुग्राम के एक गुरुद्वारा में साध संगत को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में माथा टेका और सभी को इस पावन दिन की बधाई दी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पंजाब के आनंदपुर साहिब का भी दौरा किया तथा वैसाखी के अवसर पर वहां केसगढ़ साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका। इस अवसर पर उन्होंने सब को खालसा पंथ की साजना की बधाई दी।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 4 एकड़ क्षेत्र में सिख संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, ताकि सिख समुदाय अपने इतिहास से जुड़ा रह सके तथा आने वाली पीढ़ियों को हमारे गुरुओं के महान बलिदानों के बारे में जानकारी मिल सके।

**********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 से देश के किसी भी सरकारी कॉलेज में मेडिकल व इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति दी जाएगी, इसके लिए एक पोर्टल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर "ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज" द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल, सांसद उपेंद्र कुशवाह तथा श्रीमती कल्पना सैनी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने लोगों को बैसाखी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है।

**********************************************************************

केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज होडल में 17 करोड़ रूपए की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों को शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल हिसार में नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और यमुनानगर के ताप ऊर्जा सयंत्र में 800 मेगावाट की यूनिट की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के अनुसार बल्लभगढ़ से पलवल तक 30 किलोमीटर मेट्रो चलाने के लिए डीपीआर तैयार हो गई है।

इस अवसर पर होडल से विधायक हरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। श्री गुर्जर ने आज जिन कार्यों का शिलान्यास किया उनमें होडल नगर परिषद क्षेत्र में 11 करोड़ रुपए की लागत से गलियों का निर्माण, तीन करोड़ रुपए की लागत से पोल लाइट लगाने का कार्य और विभिन्न समुदायों की चौपालों का निर्माण शामिल है।

*************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने आज कहा कि डॉ. आंबेडकर की दूरदर्शिता, संघर्ष और असाधारण योगदान ने आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक नाम नहीं, बल्कि वह विचारधारा हैं, जिसने हमें समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया है। वो डॉ भीम राव आंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जींद के गांव अशरफगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद ने माना कि संगठन न होने की वजह से कांग्रेस को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी प्रकार की कोई गुटबाजी नहीं है।

*************************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि डा. मंगल सेन एक महापुरुष थे, जो जीवन के आखिरी सांस तक जन कल्याण तथा सामाजिक उत्थान कार्यों के लिए समर्पित रहे। श्री गौतम आज पलवल की पंजाबी धर्मशाला में बैसाखी के पावन पर्व पर डा. मंगल सेन भवन की आधारशिला रखने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। डा. मंगल सेन को महान देशभक्त और सामाजिक कार्यों के प्रति समर्पित महापुरुष बताते हुए उन्होंने कहा-

उन्होंने सभी को बैसाखी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

खेल मंत्री ने कहा कि पंजाबी धर्मशाला में डा. मंगल सेन के नाम पर बनने वाला यह भवन समाज की एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक उत्थान का प्रतीक बनेगा तथा सामाजिक सहयोग और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**************************************************************************